छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर - 208024
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur - 208024
(Formerly Kanpur University, Kanpur)

प्रो. विनय कुमार पाठक
कुलपति
Prof. Vinay Kumar Pathak
Vice Chancellor

सीएसजेएमयू/वीसीसी/1410 /2023
दिनांक 21 दिसम्बर, 2023

**1. प्रचार्य/प्राचार्या,**
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज वि०वि०,
कानपुर नगर।

**2. डीन/निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी**
छत्रपति शाहू जी महाराज वि०वि० परिसर,
कानपुर नगर।

**विषयः 10 जनवरी 2024 विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के सन्दर्भ में।**

महोदय/महोदया,

आपको हर्षपूर्वक सूचित करना है कि इस वर्ष दिनांक 10 जनवरी 2024 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न संस्थानों/विभागों और समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाना है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि पत्र के साथ संलग्नक के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं को अपने संस्थान/विभाग और महाविद्यालय में आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

संलग्नक : यथोक्त

**प्रो0 (विनय कुमार पाठक)**
*कुलपति*

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**
1. प्रति—कुलपति, सीएसजेएम वि0वि0 कानपुर।
2. कुलसचिव/वित्तअधिकारी/परीक्षा नियंत्रक सीएसजेएम वि0वि0 कानपुर।
3. समस्त डीन/मुख्य कुलानुशासक।
4. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद, सीएसजेएम वि0वि0 कानपुर।
5. समस्त निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या विश्वविद्यालय/सम्बद्ध महाविद्यालय।
6. सम्बन्धित पत्रावली ।

कुलपति

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## दिनांक 10 जनवरी 2024 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन सम्बन्धी विस्तृत विवरण

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में 10 जनवरी 2024 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के दौरान हमारे विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के सभी छात्र, छात्राएँ, शोधार्थी, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी :

### प्रथम चरण

### 1. छात्र/छात्राओं हेतु प्रतियोगिताएँ

| क्रमांक | प्रतियोगिता | प्रथम चरण की प्रतियोगिता सम्पन्न कराने की अवधि | द्वितीय चरण की प्रतियोगिता हेतु नाम प्रेषित करने की तिथि (प्रथम तीन स्थान धारक) |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वरचित हिंदी कविता लेखन | 23.12.2023 से 30.12.2023 | 01.01.2024 http://tinyurl.com/4cjya7nt |

### 2. निबंध प्रतियोगिता (शोधार्थी, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों हेतु)

| क्रमांक | विषय (किसी एक विषय पर) | प्रथम चरण की प्रतियोगिता सम्पन्न करने की अवधि | द्वितीय चरण की प्रतियोगिता हेतु नाम प्रेषित करने की तिथि (प्रथम तीन स्थान धारक) |
|---|---|---|---|
| 1 | वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की भूमिका | 23.12.2023 से 30.12.2023 | 01.01.2024 http://tinyurl.com/4cjya7nt |
| 2 | भारतीय सिनेमा एवं हिंदी भाषा | 23.12.2023 से 30.12.2023 | 01.01.2024 http://tinyurl.com/4cjya7nt |
| 3 | भाषा, साहित्य, देवनागरी लिपि और संस्कृति का अंतः संबंध | 23.12.2023 से 30.12.2023 | 01.01.2024 http://tinyurl.com/4cjya7nt |

- **नोटः –** प्रथम चरण की उपर्युक्त प्रतियोगिताएँ संबंधित छात्र –छात्राओं, शोधार्थी, शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मचारियों के संबंधित महाविद्यालयों/संस्थानों/विभागों में आयोजित की जानी हैं।

प्रथम चरण की प्रतियोगिताओं के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के पश्चात, प्रत्येक संस्थान/विभाग एवं महाविद्यालय से **प्रत्येक प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान धारक** को विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित द्वितीय चरण की प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त होगा। तत्पश्चात द्वितीय चरण की प्रत्येक प्रतियोगिता में सफल प्रथम तीन विजेताओं को 10 जनवरी, 2024 'विश्व हिन्दी दिवस' पर पुरस्कृत किया जायेगा।

## द्वितीय चरण

- **द्वितीय चरण का कार्यक्रम (विश्वविद्यालय परिसर में)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | स्वरचित कविता पाठ (छात्र/छात्राओं द्वारा) | 08/01/2024 समयः पूर्वाह्न 10:30 बजे से | **स्थानः** दीनदयाल सभागार, स्कूल ऑफ़ लैंग्वेजेज़, छत्रपति शाहू जी महाराज वि०वि०, कानपुर। |
| **2.** | निबंध लेखन प्रतियोगिता (शोधार्थी, शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए) (i) विकसित भारत अभियान में हिंदी भाषा की भूमिका (ii) विश्व पटल पर हिंदी: सिनेमा के क्षेत्र में | 08/01/2024 समयः पूर्वाह्न 10:30 बजे से | **स्थान :** आर.एन .टैगोर व्याख्यान कक्ष, स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज छत्रपति शाहू जी महाराज वि०वि०, कानपुर। |

- **द्वितीय चरण की प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन विजेताओं को निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान कियें जायेंगे :**

| **क्रमांक** | **पुरस्कार श्रेणी** | **धनराशि** |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम पुरस्कार | 10000/— |
| 2. | द्वितीय पुरस्कार | 6000/— |
| 3. | तृतीय पुरस्कार | 4000/— |

**नोटः—** सभी प्रतियोगिताओं में न्यूनतम पाँच प्रतिभागी होने चाहिए। पाँच से कम प्रतिभागी होने पर प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जायेगी। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये जायेंगे।

विश्व हिंदी दिवस का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 10 जनवरी 2024 को अपराह्न 3:00 वीरांगना लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित किया जाएगा।

किसी भी अन्य जानकारी के लिए कृपया 9027689350, 9013252633, 9389069879 अथवा langschool@csjmu.ac.in पर संपर्क करें।

**कुलपति**